nt>

Title: Need for modernisation of powerloom and spinning mills in Ichhalkaranji, district Kolhapur, Maharashtra - Laid.

श्री कल्लप्पा आवाडे (इचलकरंजी) : मेरा संसदीय क्षेत्र इच्छलकरंजी, जिला कोल्हापुर, जो महाराष्ट्र का ही नहीं देश का मानचेस्टर कहलाता है, में टेक्सटाईल इंडस्ट्री पिछले ३ साल से घाटे में चल रही है। जिस कारण स्पीनिंग मिल्स घाटे में चल रही है और पावरलूम इंडस्ट्री बंद होती जा रही है। इससे बेकारी दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है। यदि सरकार ने टैक्सटाईल इंडस्ट्री को बचाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाये तो टेक्सटाईल इंडस्ट्री बंद हो जायेगी। मेरा सुझाव है कि टैक्सटाईल इंडस्ट्री की कठिनाईयों को दूर करने हेतु केन्द्र सरकार से आर्थिक मदद दी जाये तथा पावरलूम इंडस्ट्री के आधुनिकीकरण के लिए तुरंत धनराशि उ पलब्ध कराई जाए। पावरलूम और स्पीनिंग मिल्स को आधुनिक तकनीकी से जोड़ने के लिए एन.सी.डी.सी. के माध्यम से तुरंत धनराशि उपलब्ध कराई जाए। इसमें इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि एन.सी.डी.सी. जो धन देती है, उसकी गारंटी राज्य सरकार नहीं देती है। इसलिए राज्य सरकार की भी जिम्मेदारी इसमें तय की जाये। पावरलूम और स्पीनिंग मिल्स में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाये ताकि टेक्सटाईल इंडस्ट्री के कार्य में आधुनिकता आ सके। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वह इस संबंध में शीघ्र उचित कदम उठाए।